केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के समाजकार्यविभाग के छात्रों ने नाडा इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से उन्नत भारत अभियान के तहत अंगीकृत गाम घेर मानगढ़ में तंबाकू निषेध पर दो दिवसीय जागरूकता अभियान शुरू किया है विभागध्यक्ष डॉ शशि पूनम ने बताया कि पहले दिन 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के साथ तंबाकू के खतरनाक उपयोग, छोड़ने की रणनीतियों पर एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को तंबाकू के स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में शिक्षित किया गया। तंबाकू सेवन के खतरनाक प्रभावों से संबंधित एक वृत्तचित्र भी दिखाया गया, इसी के साथ जागरूकता अभियान के पहले दिन शपथ लेकर समापन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग से श्रुति, प्रतिख्या,रोहन, बल्साना, कृतिका मौजूद रहे